Need to open LPG outlets at Shree Hargovindpur and Ghuman towns in District Gurdaspur, Phillaur Parliamentary constituency, Punjab.

श्रीमती सन्तोष चौधरी (फिल्लौर) : सभापति महोदय, मेरे फिल्लौर क्षेत्र के, श्री हरगोविन्दपुर विधान सभा क्षेत्र जो कि जिला गुरदासपुर (पंजाब) में है, 50 वर्ष की आजादी के बाद आज भी पिछड़ा हुआ है। यह विकास खण्ड पाकिस्तान के बोर्डर के पास स्थित है तथा आतंकवाद के समय लगभग प्रत्येक परिवार ने आग की चिन्गारियों का सामना किया है।

आठ लाख की आबादी का यह क्षेत्र आज भी गैस एजेंसी के लिए तरस रहा है। उपभोक्ताओं को 30 किलो मीटर बटाला क्षेत्र जो कि अमृतसर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है, गैस लेने जाना पड़ता है।

मेरा अनुरोध है कि सम्बन्धित मंत्रालय को इस क्षेत्र के कस्बा श्री हरगोविन्दपुर तथा घुमान में दो गैस एजेंसीज खुलवाने के लिए आदेश दे कर वहां के लोगों को अनुगृहीत करें।